
## एक नजर में

### 40 वे पर किया कव्वाली का आयोजन

**काँटाफोड़।** नगर में हुसैनी कमेटी और अंजुमन कमेटी कांटाफोड़ के द्वारा हजरत इमाम हुसैन की शहादत और उनकी याद में 40 वे का पर्व मनाया गया। हजरत इमाम हुसैन ने पूरी दुनिया को इंसानियत वह भाईचारे का संदेश दिया और जुल्म के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा दी थी। इस अवसर पर कव्वाली का आयोजन भी किया गया दोनों कव्वालो द्वारा हजरत इमाम हुसैन की शान में और देशभक्ति पर अपने कलाम पेश किये। इस अवसर पर पीसीसी सदस्य मनोज होलानी, पूर्व जिलाध्यक्ष महेश दुबे, पूर्व विधायक गणपत पटेल, सुशील पसारी, पुरुषोत्तम बियानी, श्रीनिवास तिवारी, और गणमान्य नागरिक ऊपस्थित हुए।अतिथियों ने कव्वाली का आनंद लिया और अतिथियों का स्वागत अंजुमन कमेटी के सदर हाजी रजाक खान ने किया। कव्वाली सुनने के लिए क्षेत्र के साथ साथ आसपास के नागरिकों ने बहुत आनंद लिया। बरसते पानी मे भी हजारों की संख्या मे श्रोतागण उपस्थित थे।

### दिव्यांग शिविर में 227 दिव्यांग हुए लाभान्वित

**कन्नौद।** सिविल अस्पताल कन्नौद में दिव्यांगता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिले से आए मनोरोग चिकित्सक डॉ धर्मेंद्र प्रजापति ,नेत्र रोग चिकित्सक डॉ एस के खरे ,नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ. मीना खरे एवं अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ देवेश कुमार के द्वारा शिविर में आए विकलांगों की जांच की गई ।मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. लोकेश मीणा ने बताया कि शिविर में नाक कान गला के 25, मानसिक रोग के 35, नेत्र रोग के 37 एवं अस्थि रोग से पीड़ित 130 विकलांगों की जांच विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा



की गई ।मेडिकल बोर्ड के द्वारा जांच के उपरांत हितग्राही का विकलांगता प्रमाण पत्र जारी किया जावेगा ।शिविर में 49 हितग्राहियों की आभा आईडी तथा 11 आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए ।विकलांगता शिविर में डॉ राजकुमार बारवाल, बीईई दिनेश साहू ,बीसीएम विनोद भंवर ,सेक्टर सुपरवाइजर आरपी परमार, रामेश्वर राठौड़, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अंकुर शर्मा, खुशबू जायसवाल, अंजू प्रजापत, सुनीता कैलवा, सोफिया सांतवंत,साइना खान आशा सुपरवाइजर अरुणा परमार, ज्योति यादव, जरीना शेख एवं सिविल अस्पताल का अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

### पालतू श्वानों का वैक्सीनेशन कराकर निगम मे पंजीयन अवश्य कराएं

**देवास।** शहर में बढ़ती आवारा श्वानों की संख्याओं को दृष्टिगत रखते हुये तथा इनसे जुड़ी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए निगम आयुक्त रजनीश कसेरा ने पालतू श्वानों के स्वामियों से अपील की है कि वे नगर निगम के नियमों का पालन करते हुए अपने पालतू श्वानों का समय पर पंजीयन एवं वैक्सीनेशन अवश्य कराएँ। निगम उपायुक्त जाकिर जाफरी ने बताया कि यह व्यवस्था केवल शहर की जन सुरक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं पशु कल्याण को ध्यान में रखते हुए लागू की गई है। नगर निगम पालतू पशु प्रेमियों की भावनाओं का पूरा सम्मान करता है, किन्तु पंजीयन एवं वैक्सीनेशन अनिवार्य रूप से किए जाने चाहिए, ताकि श्वानों से फैलने वाले रोगों की रोकथाम हो सके और शहर सुरक्षित रहे। उपायुक्त ने कहा कि पंजीयन के समय श्वान का नियत टीकाकरण (विशेषकर रेबीज वैक्सीनेशन) प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है। बिना पंजीयन एवं बिना वैक्सीनेशन पाए जाने पर संबंधित स्वामियों पर 5 सौ रूपये तक का जुर्माना एवं विधिक कार्रवाई की जा सकती है साथ ही सभी पालतू श्वानों के स्वामियों से यह भी अपेक्षा की जाती है कि वे अपने श्वानों को उद्यानों, सार्वजनिक स्थलों एवं सड़कों पर घुमाते समय पट्टे (लेस) एवं मुखबंदनी (मजल) का अनिवार्य रूप से उपयोग करें। इससे न केवल नागरिक सुरक्षित रहेंगे बल्कि श्वानों की देखरेख भी व्यवस्थित होगी। उपायुक्त श्री जाफरी ने स्पष्ट किया है कि यह नियम संविधान के अनुरूप है, जिसके अंतर्गत प्रत्येक नागरिक का यह मौलिक कर्तव्य है कि वह जीवों के प्रति करुणा का भाव रखे और पर्यावरण व स्वास्थ्य की रक्षा करे। निगम स्वास्थ्य समिती अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिह बैस ने अपील की है कि शहरवासी नगर निगम के इस अभियान में सहयोग प्रदान कर शहर को स्वस्थ्य सुरक्षित एवं पालतू-पशु हितैषी बनाने में सहभागी बनें।

### हरणगांव मंडल इकाई द्वारा तिरंगा यात्रा का भव्य स्वागत

**देवास।** देवास जिले के अंतिम छोर नेमावर से खातेगांव नगर तक विगत कई वर्षो से निकल रही भव्य तिरंगा यात्रा का स्वागत मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन मंडल इकाई हरणगांव द्वारा मंच लगाकर भव्य स्वागत किया क्षेत्रीय लोकप्रिय विधायक पंडित आशीष शर्मा के नेतृत्व में निकली इस विशाल तिरंगा यात्रा का मार्गदर्शन भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल कर रहे थे इस तिरंगा यात्रा का भव्य स्वागत मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन मंडल इकाई




हरणगांव के अध्यक्ष अशोक कुमावत अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन के जिला उपाध्यक्ष हरिओम परमार ग्राम मोला एवं सागुनिया सरपंच रामदयाल बारेला के नेतृत्व में मंच लगाकर भव्य स्वागत किया इस दौरान मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन के प्रदेश पदाधिकारी घनश्याम पटेल कन्हैया मीणा रमेश बारवाल बावड़ीखेड़ा नरेंद्र कांसल सुरेश वर्मा अशोक यादव हिरालाल गेहलोत आदि लोग उपस्थित थे।

### शौर्य यात्रा के लिए विधायक पवार को दिया आमंत्रण



**देवास।** वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की जयंती पर शौर्य यात्रा के नियमित हिंदू एकता संकल्प सभा का आयोजन दिनांक 24 अगस्त रविवार को रखा गया है जिसमें समिति के द्वारा लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है उसी के अंतर्गत देवास की विधायक गायत्री राजे पवार को समिति के मुरारी लोधी महेंद्र सिंह लोधी, कौशल राजू लोधी, बंटी लोधी ,मिश्रीलाल लोधी, उपरोक्त शौर्ययात्रा को सफल बनाने के लिए लगे हुए आपको बता दें कि देवास के लोधी समाज द्वारा शौर्य यात्रा निकाली जानी है जिसमें पिछोर के विधायक एवं लोधी समाज के गौरव प्रीतम सिंह लोधी एवं अखिल भारतीय लोधी लोध राजपूत महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दादा रामगोपाल सिंह राजपूत उपरोक्त कार्यक्रम में पहुंचेंगे वहीं समिति द्वारा मक्सी इंदौर उज्जैन भवरसा टोककला छावनी नेवरी करनावत राघोगढ़ इत्यादि जगहों पर भी संपर्क बने हुए हैं ज्यादा से ज्यादा कर यात्रा को सफल बनाने का आव्हान कर रहे हैं।

# डी मार्ट के सामने बड़ा सड़क हादसा





**तीन लोग घायल**
**महिला की हालत गंभीर**

**देवास।** शहर में गुरुवार दोपहर डी मार्ट के सामने एक भीषण सड़क हादसा हो गया। क्रेटा कार और टीवीएस लूना की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। हादसे में घायल हुए लोगों की पहचान सुनीता (45) पति राजेश, उनका बेटा वंश (18) और आशीष कुमार (30) के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के समय वे लोग सड़क किनारे खड़े थे। तभी तेज रफ्तार से आ रही कार ने अनियंत्रित होकर लूना को टक्कर मार दी। हादसे में सुनीता को गंभीर चोटें आईं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद एम.वाय. अस्पताल, इंदौर रेफर किया गया है। वहीं आशीष कुमार के पैर में चोट आई है, जबकि वंश को भी हल्की चोटें लगी हैं।

प्रत्यक्षदर्शी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि वे लोग डी मार्ट की ओर जा रहे थे और जैसे ही सड़क किनारे रुके, तभी अचानक गाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद घटनास्थल पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाने के साथ-साथ मामले की जांच शुरू कर दी है।

## नारियाखेड़ा रपटे पर बाइक सहित बहा युवक



**देवास।** जिले में लगातार हो रही भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बुधवार देर रात देवास-डबलचौकी मार्ग पर स्थित नारियाखेड़ा रपटे पर बाढ़ का पानी भर गया।

इसी दौरान ग्राम महुडीया निवासी हेमंत पिता बंशीलाल कारपेंटर अपनी बाइक से रपटे को पार करने की कोशिश कर रहे थे, तभी तेज बहाव में बाइक सहित बह गए। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई और आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। दोनों ओर वाहनों और ग्रामीणों की लंबी कतारें लग गईं। ग्राम सरपंच अश्विन चौधरी ने बताया कि रपटे पर पानी आने से ग्रामीण पूरी तरह से फंस गए और रातभर परेशान होते रहे। सूचना मिलते ही बरोठा थाना प्रभारी अजयसिंह गुर्जर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे पानी का बहाव तेज होने पर रपटे से गुजरने का प्रयास न करें। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि हर साल बारिश में दोहराने वाली इस समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाए, ताकि जनहानि और परेशानी से बचा जा सके।

## प्राइवेट ट्रेवल्स की बस पर पत्थर फेंके

**महिला सवारी घायल हुई**
**ओवरटेक करने को लेकर 407 वाहन चालक सहित तीन लोगों ने पत्थर फेंके**

**सोनकच्छ।** पंचमढ़ी से इंदौर जा रही एक प्रायवेट ट्रेवल्स की बस पर मिनी ट्रक 407 के चालक सहित दो अन्य साथियों ने बस पर पत्थर बरसाए जिसके कारण बस के एक तरफ के कांच फुटने से बस में बैठी एक महिला सवारी को गंभीर चोटें आई। पुलिस ने विभिन्न धाराओं सहित तीन लोगों पर 151 धारा में प्रकरण दर्ज किया। बस ड्राइवर हरिप्रसाद पिता गया प्रसाद ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह वर्मा ट्रेवल्स की बस क्रमांक एमपी 04 पीएं 4273 का चालक हूं बस पंचमढ़ी से इंदौर जा रही थी कि गुरुवार सुबह पांच बजे सोनकच्छ हाइवे पर वृंदावन ढाबा पिलवानी के पास मिनी ट्रक एमपी 04 झेट के 1140 का चालक अनस पिता आजाद खान निवासी लसुड़िया हेजम थाना शुजालपुर,तोकिद पिता आमिन खान निवासी जामा मस्जिद शुजालपुर और अनस पिता अमीर खान निवासी कर्मचारी कालोनी काला पीपल द्वारा अपना वाहन ओवरटेक कर बस के आगे खड़ा कर दिया और बोले कि तु गाड़ी कैसे चला रहा है और गाली गलौज करने लगे मैंने और बस कंडक्टर रणजीत सिंह रघुवंशी ने मना किया तो तीनों ने बस में पत्थर मारें जिससे बस के दाहिने तरफ के तीन कांच और बाये तरफ के दो खिड़की के कांच टूट गये और पत्थर लगने से राजाबाई ठाकुर पति हनमतसिंह 65 वर्ष निवासी हरसली बरेली जिला रायसेन को चोटें आई। पुलिस ने तीनों के खिलाफ विभिन्न धाराओं सहित धारा 151 में कार्यवाही की।

## शिवम धर्म तौल कांटे पर तौल में गड़बड़ी के चलते जमकर हंगामा

**कांटे पर 22 किलो तौल का फर्क आया**

**सोनकच्छ।** स्थानीय कृषि उपज मंडी प्रांगण स्थित श्री शिवम धर्म तौल कांटा अक्सर विवादों से घिरा रहता है उक्त तौल कांटे पर किसानों द्वारा जिस वाहन में अपनी उपज भरकर लाते हैं उसके वजन करवाने पर उसके वजन में गड़बड़ी का आरोप किसानों द्वारा लगाए जाते रहे हैं। इसी तरह से गुरुवार को भी किसान प्रविण जाट निवासी कुम्हारीया राव अपनी गेहूं की उपज ट्रेक्टर ट्राली में भरकर लाए थे और उन्होंने मंडी में अनाज बेचने से पहले मंडी से बाहर एक निजी तौल कांटे पर उक्त ट्रेक्टर ट्राली का वजन करवाया था उसके बाद किसान द्वारा मंडी प्रांगण स्थित शिवम धर्म तौल कांटे पर उक्त ट्रेक्टर ट्राली का वजन फसल सहित करवा तो बाहर के वज़न में




और मंडी प्रांगण स्थित शिवम धर्म तौल कांटे के तौल के वज़न में तीस किलो का अंतर आया जिस पर किसान प्रविण जाट सहित तेजसिंह जाट, संजय जाट सहित अन्य दो दर्जन से अधिक किसानों ने तौल कांटे पर हंगामा शुरू कर दिया और मंडी प्रशासन को तौल कांटे की शिकायत दर्ज कराई जिस पर मंडी प्रांगण प्रभारी जोशी और तिलोकचंद चौहान तौल कांटे पर पहुंचे जो तौल में गड़बड़ी आई उसको लेकर किसानों की नाराज़गी दूर नहीं कर पाएं और चलें गये।

इसी बीच थाना प्रभारी आशीष राजपूत भी उक्त तौल कांटे पर पहुंचे और किसानों से चर्चा की लेकिन वह भी समस्या का निराकरण नहीं कर पाए। किसानों द्वारा इस संबंध में एसडीएम प्रिया चन्द्रावत को शिकायत की गई जिस पर एसडीएम द्वारा तहसीलदार संजय गर्ग को भेजा गया और तहसीलदार द्वारा किसान प्रविण जाट की गेहूं की उपज को मंडी के एक व्यापारी के तौल कांटे पर उपज को तुलवाया गया जहां पर का वजन कम करने के बाद किसान जिस ट्रेक्टर ट्राली में उपज लाया था उसका तौल शिवम धर्म तौल कांटे पर दोबारा करवाया गया जिसमें 22 किलो वजन कम आया। इस तरह से शिवम धर्म तौल कांटे पर किसान की उपज का 22 किलो वजन कम निकाला। तौल कांटा हमेशा विवादों में रहता है... उक्त तौल कांटा जबसे मंडी प्रांगण में लगा है तभी से किसानों की उपज का वजन कम तौलने को लेकर विवादों में रहा है।

**एसडीएम ने दिया आश्वासन**

एसडीएम द्वारा किसानों को तहसीलदार के प्रतिवेदन देने के बाद संबंधित तौल कांटे पर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## नागरिकों को अपने अधिकारों के साथ कर्तव्य को समझना जरूरी- गोयल

**देवास।** मध्य प्रदेश मानव अधिकार आयोग के जन जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत अशासकीय विद्यालय संगठन और इनोवेटिव स्कूल द्वारा जिला स्तरीय निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आज जिला स्तरीय प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ इस गरिमामय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक मध्य प्रदेश मानवाधिकार आयोग भोपाल अशोक कुमार गोयल (आयपीएस) थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अशासकीय शिक्षण संचालक संघ के अध्यक्ष के राजेश खत्री ने की एवं कार्यक्रम के विशेष अतिथि के रूप में सचिव दिनेश मिश्रा उपस्थित रहे। इस अवसर पर इनोवेटिव पब्लिक स्कूल के काउंसिल मेंबर का शपथ विधि समारोह का आयोजन भी किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत इनोवेटिव स्कूल के सचिव मिर्जा मुशाहिद बैग के साथ




प्रायवेट स्कूलों की ओर से प्रेमनाथ तिवारी, मिथलेश यादव, सुरेश चव्हाण, सुरेंद्र राठौर, हाजी शकील शेख, महबूब शेख जिला अभिभाषक संघ की ओर से चंद्रपाल सिंह सोलंकी ने किया।जिला स्तरीय चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता के विषय हमें युद्ध नहीं शांति चाहिए, नशामुक्ति और मानव अधिकारों का उल्लंघन कारण और निवारण थे। इस प्रतियोगिता में 14 विद्यालयों के 500 से अधिक विद्यार्थियों ने भागीदारी की । विजेता और उपविजेता और अन्य प्रतिभागियों को अतिथियों के हाथों प्रमाणपत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थिति बच्चों को मानव अधिकारो से संबंधित पंपलेट का वितरण और वाचन किया गया। कौटिल्य स्कूल देवास के बच्चों द्वारा नाटक के माध्यम से मानव अधिकारो की जानकारी दी गई।साथ ही इनोवेटिव स्कूल के छात्र परिषद के सदस्यों को शपथ दिलाई गई। स्कूल के बच्चों ने बैंड के साथ आकर्षक मार्चपास्ट निकाला। कार्यक्रम में सभी बच्चों और उपस्थित जनों ने अशोक कुमार गोयल का जन्मदिन मनाया। जिसके उपलक्ष्य में शहर के शासकीय माध्यमिक विद्यालय महाकाल कॉलोनी के गरीब बच्चों को कॉपियां वितरित की गई। श्री गोयल ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें अपने अधिकारों की जानकारी के साथ ही अपने कर्तव्यों का निर्वहन भी ईमानदारी से करना है। आप निडर होकर रहे, पुलिस सदैव आपकी सुरक्षा के लिए तत्पर रहती है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहें राजेश खत्री ने कहा कि आयोग की ये पहल सराहनीय है। यातायात थाना प्रभारी पवन कुमार बागड़ी ने यातायात पुलिस द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाए जाने की जानकारी दी। मुख्य अतिथि द्वारा विद्यालय प्रांगण में पौधा लगाया गया। सभी अतिथियों को स्मृति स्वरूप पौधे मिर्जा मुशब्बिर बैग और सैयद सदाकत अली द्वारा भेंट किए गए। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य सैयद मकसूद अली ने किया और आभार मिर्जा मुशाहिद बैग ने माना। इस अवसर पर अनुज जायसवाल, फारूक पठान, चेतन यादव संजय देवल सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**देवास।** समीपस्थ ग्राम पंचायत बालोदा में हेंड इन हेंड इंडिया द्वारा ग्राम उत्थान परियोजना अंतर्गत एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि सरपँच प्रतिनिधि पवन चौधरी द्वारा किया गया। विशेष अतिथि प्राधिकृत अधिकारी संतोष बारोलिया, पूर्व सरपंच घांसीराम पटेल,प्रधानाध्यापक मोहम्मद हुसैन रहें ।सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा सरस्वती माता के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। सभी अतिथियों का स्वागत हेंण्ड इन हेंण्ड के परियोजना प्रबंधक सतीष पांडे द्वारा किया गया। शिविर में ग्रामीणजनों के स्वास्थ्य की जांच कर डाक्टरों की टीम ने उचित परामर्श दिया और मेडीसीन वितरण की गई। शिविर में ग्राम वासियों जिसमे महिलाएं, किशोरी बालिका, पुरुष, बच्चो व बुजुर्गों का पंजीकरण करके उनके वजन,रक्तचाप, की जांच के साथ चिकित्सक द्वारा इलाज व उचित परामर्श दिया गया साथ ही नि:शुल्क दवाइयां भी उपलब्ध करवाई गई। इस अवसर पर महिलाओ, किशोरी बालिकाओं गर्भवती धात्री महिलाओं को पोषण स्वास्थ्य जागरूकता के लिए उचित परामर्श भी दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हेंण्ड इन हेंण्ड के सतीष पाण्डे, महेन्द्र गोस्वामी, सौरभ शर्मा, सोनाली सोलंकी, विकास पटेल ने अहम भूमिका निभाई। शिविर कार्यक्रम का संचालन सहायक परियोजना समन्वयक महेन्द्र गोस्वामी द्वारा किया गया। आभार फील्ड कॉर्डिनेटर सौरभ शर्मा ने व्यक्त किया।

## नवनियुक्त शहर अध्यक्ष का किया स्वागत



**देवास।** जिला शहर कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रयास गौतम का इंदिरा नगर बीराखेड़ी आगमन पर शहर कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ द्वारा प्रकोष्ठ अध्यक्ष खलील एहमद शेख के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद राजेश राठौर, साजी भाई, रोशन रायकवार, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष डॉ. गजेन्द्रसिंह तोमर, बबलू डांगी, सद्दाम खान, नारायणसिंह अस्ताया, विरेन्द्र परदेशी, छीतू मालवीय, मोतीलाल, बहादुर सिंह, रवी डांगी, साहिल, राजा आदि उपस्थित थे।

## मैत्री भावना का उदय और बैर भावना का अस्त होना ही है पर्व का उद्देश्य

**देवास।** संसार में भूखे रहने वालो से ज्यादा खाने वाले अस्वस्थ होते है। जैन शास्त्र में भी तपस्या का विशेष महत्व है ।हमारे दुष्ट कर्मो का निवारण करने के लिए तपस्या अमोघ शस्त्र है। संघ पूजन, साधर्मिक भक्ति, तीर्थयात्रा एवं स्नात्र महोत्सव हमारे वार्षिक कर्तव्य हैं हमे वर्षभर में इन कर्तव्यो का अवश्य पालन करना चाहिए। क्षमापना की उच्च एवं मैत्रीपूर्ण भावना को लेकर यह पर्युषण महापर्व आया है। मैत्री भावना का उदय और बैर भावना का अस्त हो उसे ही क्षमापना कहते है। हमारे द्वारा किसी भी जीव को कोई भी प्रकार का दुख पहुँचा हो तो उस जीव से क्षमा मांगकर उसको शाती एवं समाधि मिले इस प्रकार का पुरूषार्थ करना चाहिये। यही सच्ची क्षमापना है। शास्त्र के अनुसार पर्युषण महापर्व के अंतर्गत जो जीव क्षमापना कर सकता है वहीं आराधक है और जो क्षमापना नहीं करता वह विराधक है। इस प्रकार क्षमापना धर्म का सार है। श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर तुकोगंज रोड पर पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व के द्वितीय दिवस पर विशाल धर्मसभा में साध्वीजी तत्वरसा श्रीजी, तत्वश्रेया श्रीजी ने यह बात कही ।

आपने कहा कि जिस प्रकार जीवन के सभी कार्यो को संपादित करने का नियत स्थान होता है उसी प्रकार आराधना, उपासना एवं आत्मविकास के लिए भी मंदिर तथा उपाश्रय नियत स्थान है। जिस प्रकार अशुद्ध भूमि पर कोई सत्कार्य नहीं कर सकते उसी प्रकार हृदय की भूमि को भी सुविशुद्ध बनाकर ही उसमें पर्युषण की आराधना को स्थापित कर सकते है। वस्तु, स्थान एवं समय के अनुसार जिस प्रकार हमारे अंतरभावो में परिवर्तन आ जाता है उसी प्रकार इन पर्व के दिनो में भी हमें हमारे शुभ भावो में तीव्र अभिवृद्धि करना है। पर्युषण महापर्व आत्मशुद्धि के सुरों का जीवन में निनाद करता है। हमे भी हमारे भावो को शुद्ध करके इस पर्व की सच्ची आराधना करना है। आपने आगे कहा जीवन के आठ कर्मो में से सात का बंधन होता रहता है।

**एक नजर** तिरंगा ट्रेक्टर रेली में हजारों की संख्या मे किसानों ने हिस्सा लिया

## सतवास में किसान नेता राकेश टीकेत का शंखनाद, जातीवाद छोड़ो और किसानों के हक के लिए साथ लड़ो

**सतवास।** सतवास में भारतीय किसान यूनियन के द्वारा आयोजित रैली के पूर्व सतवास मंडी प्रांगण में किसानो को संबोधित करते हुए कहा कि हमें जातियों में नहीं बटना हैं किसानों के हक के लिए एक साथ रहना होगा , सरकार उद्योग पतियों को फायदा पहुंचा रही हैं लेकिन किसानों को उसकी फसल का दाम नहीं देती, एम.एस. पी. पर कुछ जवाब नहीं मिलता हमारे आंदोलन को सरकार कमजोर कर देती है हमने प्रधानमंत्रीजी को चिट्ठी लिखी कोई मतलब नहीं निकला क्योंकि दिल्ली की कलम बेईमान हैं, तिरंगा ट्रेक्टर रेली में हजारों की संख्या मे किसानों ने हिस्सा लिया किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टीकेत सैकड़ों ट्रैक्टरों के काफ़िले के साथ सतवास मंडी प्रांगण से खुद ट्रेक्टर चलाकर निकले जिनका जगह जगह स्वागत किया गया । सतवास बस स्टैंड महाराणा प्रताप



चौराहा पर स्वागत मंच कांग्रेस के बाबु लाल यादव, वहीद सदर, अजय व्यास, विजय सिंह गौड़, मनोज राय द्वारा मंच लगाया, गया यहां मंच पर पूर्व विधायक कैलाश कुण्डल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी, पूर्व जनपद अध्यक्ष ओम पटेल, देवी लाल पटेल, जनपद उपाध्यक्ष रमजान खान अनिल पटेल सुनील तिवारी आदि मौजूद रहे , पटेल मेडिकल पर नर्मदा क्षेत्रीय जाट समाज के चंदू पटेल मित्र मंडल द्वारा नाके पर शिवाजी चौराहा स्थित साईं नाथ फिलिंग स्टेशन पर राजेन्द्र यादव मित्र मंडल द्वारा, श्री नाथ कृषि सेवा केंद पर नबा पटेल मित्र मंडल द्वारा,,पुलिस थाने के सामने राजकुमार गोयल परिवार द्वारा , स्वागत किया गया। टिकेत ने सभी का अभिवादन किया , ट्रेक्टर तिरंगा रेली नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए पुन: महाराणा प्रताप चौराहा पर पहुंची, अंत में किसानो ने तहसीलदार अरविन्द दिवाकर को ज्ञापन सौंपा। किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव, लक्ष्मण पटेल, ओम प्रकाश तिवारी,मुकेश बांगड़दा, मनीष पटेल, सानिया जाट, रामभरोस पटेल, सहित बड़ी संख्या में किसान नेता शामिल थे।